''गुड टच और बेड'' टच सेमीनार का आयोजन

आज दिनांक 21.07.18 को सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय में प्राथमिक विभाग में कक्षा तीसरी से पाँचवी कक्षा के छात्र – छात्राओं के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार विद्यालय की काउन्सलर श्रद्धा बलवानी द्वारा लिया गया ।

उन्होंने विद्यार्थियों को गुड टच एवं बेड टच से संबंधित ज्ञानवर्द्धक जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान यह भी स्पष्ट किया कि यदि छात्र– छात्राएँ किसी भी अपरिचित या परिचित व्यक्तियों के संपर्क में असुरक्षित अनुभव करते हैं तो शीघ्र ही अपने अभिभावकों या शिक्षकों को इस बात की जानकारी दें। जिससे उनकी सही समय पर मदद की जा सके । और साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में जानकारी दी और कहा कि इस नंबर पर बात कर वे अपनी समस्या बताकर शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनचन एवं कोआर्डिनेटर सिस्टर निकिता ने भी विद्यार्थियों को सदैव जागरूक रहने की सलाह दी और यह भी कहा कि वे कभी भी असुरक्षित अनुभव करने पर बिना डरे अपने माता – पिता को इस समस्या के संदर्भ में बताएँ। सेमीनार में सभी विद्यार्थियों ने रूचिपूर्ण ढंग से अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान किया और जानकारी प्राप्त कर जागरूक होना सीखा।